# नवाधिकार नीति

## प्रयोजन

Incitec Pivot Limited (IPL) मानवाधिकार नीति मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा और अन्य अंतरराष्ट्रीय ढाँचे के अनुरूप मानवाधिकारों के लिए IPL Group के उपागम के सिद्धांतों को बताती है। यह नीति IPL के मानवाधिकार उपागम को आधार प्रदान करती है और IPL और प्रत्येक सहायक कंपनी, उनके कर्मचारियों, निदेशकों और एजेंट्स और ठेकेदारों पर लागू होती है।

## हमारे सिद्धांत:

1. हम मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं।
2. हम अपने मानवाधिकार प्रभावों का आकलन करते हैं।
3. हम अपने व्यापार और संबंधों में मानवाधिकारों के विचारों को एकीकृत करने के लिए श्रम करते हैं।
4. हम मानवाधिकारों पर हितधारकों के साथ संलग्न होते हैं।
5. हम उपयुक्त होने पर उपचार और कार्रवाई प्रदान करते हैं।
6. हमारा लक्ष्य पारदर्शी होना और सटीक और समय पर प्रकटीकरण प्रदान करना है।

हमारे मानवाधिकार सिद्धांत कई नीति और कार्य-विधि-संबंधी दस्तावेज़ों में शामिल हैं, जिनमें कर्मचारी सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण, रोज़गार स्थितियों, विविधता, समानता, सुरक्षा, पर्यावरण प्रबंधन और हमारे समुदायों और हितधारक की संलग्नता से संबंधित सिद्धांत शामिल हैं। जहाँ वे नीतियाँ या कार्य-विधि-संबंधी दस्तावेज़ इस नीति से असंगत हैं, वहाँ IPL की मानवाधिकार नीति प्रबल होगी।

## प्रतिबद्धता

IPL अपने कर्मचारियों और उन समुदायों के सम्मान, कल्याण और मानवाधिकारों का सम्मान और समर्थन करती है, जिनमें हम काम करते हैं। मानवाधिकारों के प्रति हमारा उपागम मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा, काम पर मौलिक सिद्धांतों और अधिकारों पर ILO घोषणा, और व्यापार और मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांतों से संगत है। हम संयुक्त राष्ट्र वैश्विक कॉम्पैक्ट के हस्ताक्षरकर्ता भी हैं। हमारा लक्ष्य अपने समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डालना है और सुरक्षित और निष्पक्ष कार्यस्थल प्रदान करके, और आपूर्तिकर्ताओं सहित ऐसे संगठनों के साथ साझेदारी करने के लिए काम करके, जो श्रमिकों के अधिकारों का सम्मान करते हैं और आधुनिक दासता को सक्षम नहीं करते या उनकी उपेक्षा करते हैं, यह सुनिश्चित करना है कि मानवाधिकारों का सम्मान किया जाए उन्हें और क़ायम रखा जाए।

हमारी मानवाधिकारों के रक्षकों के ख़िलाफ़ धमकियों, डराने, और हमलों के प्रति शून्य सहिष्णुता है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम करते हैं कि हम दूसरों के द्वारा किए गए मानवाधिकारों के दुरुपयोग में शामिल नहीं हैं।

हम जहाँ भी काम करते हैं, वहाँ स्थानीय क़ानूनों का पालन करते हैं। जहाँ स्थानीय क़ानून हमारे मानवाधिकारों की प्रतिबद्धताओं से भिन्न होते हैं, हम अपनी मानवाधिकारों की प्रतिबद्धताओं को प्रभावी बनाने का यथासंभव श्रम करते हुए, स्थानीय क़ानूनों का पालन करेंगे।

## स्वास्थ्य और सुरक्षा

IPL सुरक्षित और स्वास्थ्यप्रद कार्यस्थल के लिए कर्मचारियों के अधिकारों का सम्मान करता है और 'हर किसी के लिए Zero Harm, हर जगह,' के लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपने कर्मचारियों, ठेकेदारों, ग्राहकों और हमारे परिचालन या उत्पादों से प्रभावित सभी व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए चिंता के साथ अपनी गतिविधियों का प्रबंधन करना चाहते हैं।

IPL ने संबंधित उद्योग मानकों और नियामक ज़रूरतों के अनुपालन में स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन मानकों और प्रणालियों की स्थापना और रखरखाव किया है और सुरक्षित और स्वास्थ्यप्रद कार्य परिवेश प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। IPL उन समुदायों में मूल्यवान कॉर्पोरेट नागरिक बनने का श्रम करता है, जिनमें हम काम करते हैं, और अपने परिचालन सभी संबंधित लाइसेंस और विनियमों के अनुसार के करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## श्रम संबंध

IPL अपने सभी परिचालनों में कर्मचारियों के अधिकारों और गरिमा का सम्मान करता है और अनुबंधित श्रम, बंधुआ श्रम, दासता के आधुनिक रूपों और मानव तस्करी सहित बाल श्रम, बलात श्रम के उपयोग पर प्रतिबंध लगाता है। IPL निम्नलिखित प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है:

- अपने कर्मचारियों से निष्पादन की अपेक्षाओं के संबंध में स्पष्टता, और यह सुनिश्चित करना कि इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कर्मचारियों के पास ज़रूरी टूल्स और समर्थन है, यदि उनके उद्देश्य प्राप्त कर लिए जाते हैं तो उन्हें मान्यता दी जाती है और उपयुक्त रूप से पुरस्कृत किया जाता है, और जहाँ निष्पादन की उम्मीदें पूरी नहीं होतीं, वहाँ उन्हें प्रशिक्षण या परामर्श दिया जाता है;
- सुरक्षित और स्वास्थ्यप्रद कामकाजी माहौल प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में संबंधित उद्योग मानकों और नियामक ज़रूरतों के अनुपालन में काम के घंटों की संख्या का उपयुक्त प्रबंधन;
- मुआवजा, जो कम से कम, क़ानूनी न्यूनतम मजदूरी के अनुरूप है;
- अनिवार्य भुगतान-शुदा अवकाश; और
- निर्वाचित कर्मचारी प्रतिनिधियों के साथ सद्भावपूर्ण संबंध।

## संघ और सामूहिक सौदेबाजी की स्वतंत्रता

IPL प्रतिशोध, डराने, या उत्पीड़न के डर के बिना अपने कर्मचारियों के श्रमिक संघ बनाने, उसमें शामिल होने या शामिल न होने अधिकार का सम्मान करता है। जहाँ कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व क़ानूनी रूप से मान्यता प्राप्त संघ द्वारा किया जाता है, वहाँ हम उनके स्वतंत्र रूप से चुने गए प्रतिनिधियों के साथ रचनात्मक वार्ता करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कंपनी ऐसे प्रतिनिधियों के साथ सद्भाव में सौदेबाजी करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## विविधता और समान अवसर

IPL ऐसी संस्कृति के विकास के माध्यम से समावेशी और सुलभ संगठन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो विविधता को अपनाता है। विविधता को अपनाना प्रत्येक व्यक्ति की अद्वितीय गुणों और भिन्न विशेषताओं को पहचानना, सम्मान करना, और मूल्यांकन करना होता है। इन मतभेदों में लिंग, जातीयता, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, आयु, विकलांगता, यौन अभिविन्यास, और धार्मिक विश्वास शामिल हो सकते हैं, लेकिन इन तक सीमित नहीं हैं।

## भेदभाव और उत्पीड़न

IPL अनुपयुक्त व्यवहार, अनुचित व्यवहार, या उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करता। उत्पीड़न कार्यस्थल में या कार्यस्थल के बाहर किसी कार्य-संबंधी परिस्थिति में सहन नहीं किया जाता। IPL के कर्मचारियों को इस क्षेत्र में नियमित प्रशिक्षण लेने की ज़रूरत होती है।

## समुदाय और मूल लोग

IPL उन समुदायों के अधिकारों पर हमारे प्रभावों को समझने और कम करने का प्रयास करता है, जिनमें हम काम करते हैं। हम मूल लोगों के भूमि और पानी से कनेक्शन को स्वीकार करते हैं और उसका सम्मान करते हैं। हम मूल लोगों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र की घोषणा और स्वतंत्र, पूर्व और सूचित सहमति के मानवाधिकारों के सिद्धांतों का सम्मान करते हैं और उन्हें स्वीकार करते हैं। हम इस बात पर सहमति के लिए पारंपरिक मूल भूस्वामियों से परामर्श करते हैं कि वे अपनी पारंपरिक भूमि पर स्थित परियोजनाएँ कैसे आगे बढ़नी चाहिए, और साथ ही उपयुक्त शिकायत और विवाद समाधान प्रक्रियाओं तक पहुँच प्रदान करते हैं।

## जलवायु परिवर्तन

यह ध्यान में रखते हुए कि जलवायु परिवर्तन और Net Zero उत्सर्जन के लिए वैश्विक प्रतिबद्धता IPL के कर्मचारियों और समुदायों को प्रभावित करेगी, IPL डिकार्बोनाइज़ेशन के बारे में अपने निर्णयों में न्यायसंगत संक्रमण के सिद्धांतों को ध्यान में रखेगा।

## तृतीय पक्ष

अनुबंधपरक उपयुक्त व्यवस्था और नैतिक प्राप्ति सिद्धांतों के माध्यम से, हम अपने सलाहकारों, एजेंट्स, ठेकेदारों, और आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि वे श्रमिकों के अधिकारों का सम्मान करें, जिसमें संघ की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार शामिल हैं, और हम अपनी आपूर्ति शृंखला आधुनिक दासता के जोखिम को कम करने का श्रम करते हैं। मानवाधिकारों को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने के लिए हम उन संयुक्त उद्यम साझेदारों और गैर-नियंत्रित कंपनियों को भी प्रभावित करना चाहते हैं, जिनमें हम भाग लेते हैं।

# हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए कार्रवाइयाँ

## ज़रूरी जाँच-पड़ताल और ऑडिट

IPL अपने व्यापार और आपूर्ति शृंखला में लोगों के लिए मानवाधिकारों के जोखिमों की पहचान करने और रोकने के साधन के रूप में ज़रूरी जाँच-पड़ताल के उपयोग, और क़ानून और मानवाधिकार सिद्धांतों के अनुपालन का आकलन करने के साधन के रूप में ऑडिट करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## प्रशिक्षण

हम अपने कर्मचारियों के लिए मानवाधिकारों से संबंधित प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण प्रदान करते हैं।

## हितधारक संलग्नता और संप्रेषण

हम अपने हितधारकों के साथ सार्थक संलग्नता के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें हमारे कर्मचारी, ग्राहक, आपूर्तिकर्ता और उनके कर्मी, और समुदाय शामिल हैं, जिनमें हम काम करते हैं। हम मानवाधिकार रक्षकों के प्रतिशोध के डर के बिना स्वतंत्र रूप से बोलने के अधिकारों का सम्मान करते हैं, जिसमें वह स्थिति शामिल है, जिसमें वे हमारे आचरण या हमारे व्यापारिक सहयोगियों के आचरण की आलोचना कर सकते हैं।

## उपचार

हमारे पास सुलभ और सुरक्षित चैनल हैं, जो सभी हितधारकों के लिए मानवाधिकारों और अन्य मुद्दों के संबंध में शिकायतें करने के लिए खुले हैं। ये शिकायत तंत्र IPL की आचार संहिता, उद्यम समझौतों, समूह व्हिसलब्लोअर नीति, ऑस्ट्रेलियाई व्हिसलब्लोअर नीति और मानवाधिकार संबंधी अन्य नीतियों में निर्धारित किए गए हैं।

हम किसी मानवाधिकार उल्लंघन के उपचार के लिए यथाशीघ्र कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हमें सूचित किया जाता है या हमारे द्वारा पहचाना जाता है, जिसमें शोषक श्रम प्रथाएँ और आधुनिक दासता शामिल हैं। जहाँ हम पहचानते हैं कि हमने प्रतिकूल मानवाधिकार प्रभाव पैदा किया है या उसमें योगदान किया है, वहाँ हम वैध प्रक्रियाओं के माध्यम से इसका उपचार करेंगे या उसमें सहयोग करेंगे।

# अभिशासन

IPL की आचार समिति के पास मानवाधिकार जोखिमों के लिए IPL के प्रत्युत्तर के लिए मानवाधिकार कार्य समूह द्वारा समर्थित परिचालन निरीक्षण और ज़िम्मेदारी है। IPL की ऑडिट और जोखिम प्रबंधन समिति और स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरण और समुदाय समिति की ज़िम्मेदारी है कि वे मानवाधिकारों के जोखिमों के लिए IPL के प्रत्युत्तर की देखरेख करें।

# कर्मचारियों के लिए मार्गदर्शन और रिपोर्टिंग

IPL ऐसे कार्यस्थल बनाने का श्रम करता है, जिनमें सभी कर्मचारियों के बीच खुले और ईमानदार संप्रेषण को मूल्य और सम्मान किया जाता है। जहाँ भी हम काम करते हैं, कंपनी वहाँ लागू श्रम और रोज़गार क़ानूनों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। कोई कर्मचारी जो मानता है कि इस नीति की सामग्री और उनके कार्यस्थल के क़ानूनों, परंपराओं या प्रथाओं के बीच संघर्ष उत्पन्न हुआ है, या इस नीति या स्थानीय क़ानूनों के संभावित उल्लंघन की गोपनीय रूप से रिपोर्ट करना चाहता है, तो उसे यह करना चाहिए:

- अपने प्रबंधक या सुपरवाइज़र से बात करें - यह अक्सर पहले संपर्क करने के लिए सबसे अच्छा व्यक्ति होता है;
- IPL के ग्रुप जनरल काउंसिल या मुख्य जोखिम अधिकारी से बात करें;
- ethical@incitecpivot.com.au पर IPL आचार समिति से संपर्क करें ;
- IPL व्हिसलब्लोअर हॉटलाइन से संपर्क करें; या
- उपयुक्त परिस्थितियों में (जहाँ कार्मिक मामले का संबंध है), मानव संसाधन कर्मियों से संपर्क करें।

## दस्तावेज़ जानकारी

ग्रुप जनरल काउंसिल इस नीति से संबंधित दस्तावेज़ जानकारी को बनाए रखने के लिए ज़िम्मेदार है।

## परिभाषाएँ

*तालिका 0-1* में इस दस्तावेज़ की सामग्री से संबंधित शब्द और परिभाषाएँ शामिल हैं, यदि वे हमारे इंट्रानेट पर शब्दावली में न हों।

| शब्द (संक्षिप्ति) | परिभाषा |
|---|---|
| IPL Group | Incitec Pivot Ltd की सभी सहायक कंपनियाँ और संबंधित निकाय कॉर्पोरेट, और सभी संयुक्त उद्यम जिनमें Incitec Pivot Ltd, या इसकी कोई सहायक कंपनी या संबंधित निकाय कॉर्पोरेट, नियंत्रित हित रखता है। |

*तालिका 0-1 - परिभाषाएँ*

## अनुपालन और अनुरूपता जानकारी

*तालिका 0-2* में दस्तावेज़ में सामग्री को विकसित करने के लिए उपयोग की जाने वाली अनुपालन जानकारी सूचीबद्ध की गई है।

| संदर्भ | तिथि |
|---|---|
| Universal Declaration of Human Rights (मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा) | 1948 |
| ILO Declaration on Fundamental Principles and Rights at Work (मौलिक सिद्धांतों और काम पर अधिकारों पर ILO घोषणा) | 1998, 2022 में संशोधित |
| UN Declaration on the Rights of Indigenous Peoples (UNDRIP - मूल लोगों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र घोषणा) | 2007 |
| UN Guiding Principles on Business and Human Rights (व्यापार और मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांत) | 2011 |
| UN Global Compact (संयुक्त राष्ट्र वैश्विक कॉम्पैक्ट) | IPL 2022 में शामिल हुआ |

*तालिका 0-2 – अनुपालन जानकारी*

## संबंधित दस्तावेज़

*तालिका 0-3* में सूचीबद्ध जानकारी IPL के आंतरिक दस्तावेज़ हैं, जो सीधे इस नीति से संबंधित हैं।

| ID/नंबर | प्रकार | शीर्षक |
|---|---|---|
| | नीति | IPL Code of Conduct (IPL आचार संहिता) |
| | नीति | Anti-Discrimination and Harassment Policy (भेदभाव और उत्पीड़न विरोधी नीति) (यह दस्तावेज़ केवल अंग्रेज़ी में उपलब्ध है) |

| ID/नंबर | प्रकार | शीर्षक |
|---|---|---|
| | नीति | Australian Whistleblower Policy (ऑस्ट्रेलियाई व्हिसलब्लोअर नीति) (यह दस्तावेज़ केवल अंग्रेज़ी में उपलब्ध है) |
| | नीति | Climate Change Policy (जलवायु परिवर्तन नीति) (यह दस्तावेज़ केवल अंग्रेज़ी में उपलब्ध है) |
| | नीति | Diversity Policy (विविधता नीति) (यह दस्तावेज़ केवल अंग्रेज़ी में उपलब्ध है) |
| | नीति | Group Whistleblower Policy (समूह व्हिसलब्लोअर नीति) (यह दस्तावेज़ केवल अंग्रेज़ी में उपलब्ध है) |
| | नीति | Modern Slavery Policy (आधुनिक दासता नीति) |
| | नीति | Sanctions Policy (प्रतिबंध नीति) (यह दस्तावेज़ केवल अंग्रेज़ी में उपलब्ध है) |
| | नीति | Sustainable Communities Policy (स्थायी समुदाय नीति) (यह दस्तावेज़ केवल अंग्रेज़ी में उपलब्ध है) |

*तालिका 0-2 - संबंधित दस्तावेज़*

## बदलाव जानकारी

*तालिका 0-4* में दी गई जानकारी इस नीति के नवीनतम संस्करण के लिए परिवर्तन जानकारी का सारांश है।

| संस्करण | तिथि | विवरण |
|---|---|---|
| 2 | | - संयुक्त राष्ट्र वैश्विक कॉम्पैक्ट के हस्ताक्षर करने वाले सदस्य के रूप में की गई प्रतिबद्धताओं को संदर्भित करने के लिए संशोधित किया गया।<br>- अंतरराष्ट्रीय क़ानूनी साधनों के संदर्भ शामिल करने के लिए अपडेट किया गया।<br>- यह स्पष्ट करते हुए IPL मानवाधिकार संबंधी नीतियों के लिए पूर्वता का क्रम प्रदान करने के लिए अपडेट किया गया कि मानवाधिकार नीति असंगतता की किसी भी सीमा तक प्रबल है। |
| 1 | मई 2019 | IPL मानवाधिकार नीति को अपनाया गया |

*तालिका 0 - 4 - बदलाव जानकारी*